अमर उजाला 18/02/2026

# प्रतियोगिता में गौरव ने हासिल किया प्रथम स्थान

अंबाला। जीएमएन कॉलेज में समूह चर्चा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन अर्थशास्त्र, कॉमर्स तथा यंग स्पीकर्स क्लब के सहयोग से किया गया। केंद्रीय बजट 2026-27 पर आधारित प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की प्रतिभा देखी गई। प्रतियोगिता में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में एमकॉम के छात्र गौरव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीबीए की छात्रा मानसी ने द्वितीय स्थान अर्जित किया, जबकि तृतीय स्थान संयुक्त रूप से बीबीए की पलक तथा बीए की दशमीत को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का सफल समन्वयन अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष गीति बिंद्रा, कॉमर्स विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुशील, जस्मिता हांडा तथा यंग स्पीकर्स क्लब की संयोजिका मेहक तलवार द्वारा किया गया। संवाद